C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 218 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 21 फरवरी 2024



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:58 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:54 बजे



60 करोड़ के पार पहुंची तेरी...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## काशीपुर पुलिस और एसओजी ने नशे का सौदागर को दबोचा

**रुद्रपुर।** काशीपुर पुलिस और एसओजी ने चैकिंग के दौरान नशे का एक बड़े सौदागर को गिरफतार किया है। उसके कब्जे से लाखों की स्मैक बरामद की। पुलिस के मुताबिक प्रभारी एसआई सुनील सुतेडी व एसआई मनोज जोशी के नेतृत्व में नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ चैकिंग इस दौरान एक संदिग्ध पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से स्मैक बरामद की। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम नदीम उर्फ बीड़ी पुत्र रईस निवासी काली बस्ती हजरतनगर थाना काशीपुर बताया। बरामद स्मैक 53 ग्राम हैं। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर अपराधी है जिसके विरूद्ध पूर्व में भी स्मैक तस्करी के अभियोग पंजीकृत है। पूछताछ में बताया गया कि वह स्मैक फतेहगंज बरेली यूपी से लेकर आता है । बरामदा स्मैक की कीमत लगभग सात लाख रूपये है।

## प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता मेंआज बुधवार को राज्य सचिवालय में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। बैठक में विधानसभा पटल पर रखे जाने वाले संशोधित विधेयक व वार्षिक प्रत्यावेदन और अन्य रिपोर्ट भी रखी जाएंगी। कृषि व गैर कृषि भूमि में पेड़ काटने की अनुमति का प्रस्ताव भी बैठक में आ सकता है। इसके अलावा स्वास्थ्य, राजस्व, शिक्षा, शहरी विकास और आवास से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा हो सकती है। बता दें, उत्तराखंड विधानसभा के 26 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# श्री देव सुमन विवि ऋषिकेश परिसर का चतुर्थ दीक्षांत समारोह

देहरादून
हमारे संवाददाता

राज्यपाल जनरल गुरमीत सिंह श्री देव सुमन विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर में चतुर्थ दीक्षांत समारोह में पहुंचे। राज्यपाल छात्रों को दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान करेंगे। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पं. ललित मोहन शर्मा परिसर में आज चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अति विशिष्ट अतिथि और शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में 19,849 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी। 69 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को श्रीदेव सुमन स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। स्नातकोत्तर के तीन विषय इतिहास, मानव विज्ञान, चित्रकला में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कैप्टन शूरवीर सिंह पंवार स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह विवि परिसर में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। करीब ढाई करोड़ की लागत से बने प्रेक्षागृह का मुख्य अतिथि लोकार्पण करेंगे। उसके बाद प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विजय श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. केआर भट्ट, मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक कुमार मैंदोला आदि मौजूद रहे।



### पेटेंट सेल किया गया है स्थापित

कहा, भारतीय ज्ञान परंपरा उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना भी विश्वविद्यालय की ओर से ऋषिकेश परिसर में की गई है। जिसमें विभिन्न शोध परियोजनाओं, सम्मेलनों, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, विशिष्ट लेक्चर्स के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विषयों का गहन विमर्श तथा परंपरागत ज्ञान व आदर्शों को समाज को पुर्नस्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

पटियाला प्रशासन के साथ किसानों की बैठक जारी

# शंभू बॉर्डर पर फिर दागे आंसू गैस के गोले, बातचीत को दिया न्योता

नई दिल्ली
एजेंसी

केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मानने से इनकार के बाद किसान आज दिल्ली कूच पर आमादा हैं। इसके लिए शंभू बॉर्डर पर हाईड्रोलिक क्रेन, जेसीबी व बुलेटप्रूफ पोकलेन जैसी भारी मशीनरी लाई गई है। वहीं हाईकोर्ट ने किसानों के कूच को रोकने के आदेश दिए हैं। शंभू बॉर्डर पर फिर आंसू गैस के गोले दागे गए हैं।

पटियाला प्रशासन ने किसान संगठनों को बातचीत के लिए बुलाया है। प्रशासन के अधिकारियों और किसान नेताओं के साथ बातचीत शुरू हो गई है। प्रशासन की तरफ से पटियाला के कमिश्नर डीएस मांगट, डिप्टी कमिश्नर शौकत अहमद, डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर, एसएसपी वरुण शर्मा शामिल हैं। जबकि किसान नेताओं में जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंधेर, रमनदीप सिंह आदि शामिल है।

वहीं, धरनास्थल पर पर मौजूद किसान नेता सुरजीत फूल ने कहा कि सरकार का बातचीत का न्यौता आया है। क्या सरकार सिर्फ बातचीत के लिए बातचीत करना चाहती है। समय बर्बाद करने के लिए बातचीत करना चाहती है। हमने उनसे कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या गृह मंत्री अमित शाह अपने ट्विटर पर बयान जारी करें कि हम सभी फसलों पर एमएसपी कानून बनाने सहित सभी मांगों को मानने के लिए तैयार हैं।



### पांचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की एमएसपी की मांग

मुंडा ने कहा कि सरकार चौथे दौर के बाद पांचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की एमएसपी की मांग, क्रॉप डायवर्सिफिकेशन, पराली का विषय, स्न्द्धक्र पर बातचीत के लिए तैयार है। केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच अब तक एमएसपी समेत कई अन्य मुद्दों को सुलझाने के लिए फॉर्मूले पर सहमति नहीं बन पाई है। इस बीच कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक बार फिर किसानों को पांचवें दौर की बातचीत का न्योता दिया है। उन्होंने चौथे दौर में दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत का भी ब्योरा दिया।

# पकड़ा गया आदमखोर, अब तक तीन महिलाओं की ले चुका है जान

रामनगर
हमारे संवाददाता

रामनगर के ढेला जोन में तीन महिलाओं को मारने वाला बाघ आखिरकार वन कर्मियों की टीम ने पकड़ लिया। बाघ को देर रात ट्रेंकुलाइज कर ढेला रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला जोन में तीन महिलाओं को मारने वाला बाघ आखिरकार वन कर्मियों की टीम ने पकड़ लिया। बाघ को देर रात ट्रेंकुलाइज कर ढेला रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है।

बाघ को पकड़ने के लिए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व व वेस्टर्न सर्किल की टीम संयुक्त रूप से लगी थी। दोनों टीम बाघ की लोकेशन को ड्रोन के माध्यम से ट्रेस करते रही। मंगलवार रात बाघ द्वारा मारे गए भैसे के आसपास वन कर्मियों की टीम ने निगरानी बढ़ा दी थी। देर रात करीब 12 बजे के आसपास जब बाघ अपने किए गए शिकार पर पहुंचा। तभी पशु चिकित्सकों की टीम ने उसे ट्रेंकुलाइज करने के लिए डाट मारी। जिससे वह बेहोश हो गया, इसके बाद वन कर्मियों व रेस्क्यू टीम ने बाघ को पकड़कर ढेला रेस्क्यू सेंटर में भेजा। इसके अलावा आसपास के इलाकों में गस्त को बढ़ा दिया गया है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ धीरज पांडे ने बताया वन कर्मियों व रेस्क्यू टीम की मेहनत से बाघ को पकड़ लिया गया है।



# क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों को दुरुस्त करने को दो करोड़ का बजट अवमुक्त

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों के जल्द सुधारीकरण की उम्मीद जगी है। भारत सरकार से इसके लिए दो करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हो गया है।

क्षतिग्रस्त दीवारों के सुधारीकरण के बाद खतरे के बीच सफर करने के लिए मजबूर यात्रियों को राहत मिलेगी। अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग रक्वारब से पुनवाखाल तक दुरुस्त नहीं है जिससे खतरा बना हुआ है। हाइवे पर कोसी, स्यालीधार, खोल्टा, पांडेखोला, कर्नाटक खोला आदि क्षेत्रों में सड़क की सुरक्षा दीवार के क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना का खतरा रहता है। बजट के अभाव में एक साल से अधिक समय से सड़क की सुरक्षा दीवारों का सुधारीकरण नहीं किया जा सका है। इससे कोसी, हवालबाग, कटारमल, रानीखेत और नगर के लोग हल्द्वानी समेत अन्य शहरों को आवाजाही के दौरान जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। एनएच की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों का अब सुधारीकरण हो सकेगा। इसके लिए एनएच को सरकार से दो करोड़ रुपये का बजट अवमुक्त हो गया है। विभाग के मुताबिक जल्द सभी जर्जर हो चुकी सुरक्षा दीवारों का सुधारीकरण किया जाएगा।

*क्वारब से पुनवाखाल तक एनएच सड़क की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार के सुधारीकरण के लिए विभाग को भारत सरकार की ओर से बजट मिल गया है। जल्द क्षतिग्रस्त दीवारों का सुधारीकरण कार्य होगा।*
***-महेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता, एनएच रानीखेत।***

# गंगोत्री हाईवे पर से आगे बर्फ हटाने में जुटे मजदूर, 28 घंटे बाद भी नहीं खुला हाइवे

देहरादून
हमारे संवाददाता

गंगोत्री हाइवे पर सुक्की टॉप से आगे 28 घंटे बाद भी आवाजाही सुचारू नहीं हो पाई है। जिस कारण उपला टकनौर के आठ गांव सहित गंगोत्री धाम और अंतरराष्ट्रीय सीमा का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा हुआ है।

बर्फबारी के कारण बीते मंगलवार सुबह गंगोत्री हाईवे सुक्की से गंगोत्री तक बंद हो गया था। देर शाम बीआरओ ने सुक्की से झाला तक हाईवे आवाजाही के लिए खोला था, लेकिन फिर बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे दोबारा बंद हो गया है।

यहां बीआरओ के मजदूर बर्फ हटाने के काम में जुटे हुए हैं। तीन दिनों से गंगोत्री और यमुनोत्री में जमकर बर्फबारी हो रही है। मंगलवार को निचले इलाकों में बारिश हुई और शीतलहर चलती रही। गंगोत्री धाम के पुरोहित संतोष सेमवाल ने बताया कि सोमवार देर रात हुई बर्फबारी के बाद मंगलवार सुबह गंगोत्री धाम में करीब 1 से डेढ़ फीट बर्फ जम गई है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में हुई बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे सुक्की से लेकर गंगोत्री तक है। इस कारण उपला टकनौर के आठ गांव सहित गंगोत्री धाम और अंतरराष्ट्रीय सीमा का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा हुआ है। वहीं हर्षिल घाटी में बर्फ के बीच ही बच्चे स्कूल पहुंचे।

हर्षिल घाटी में बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे सुक्की से गंगोत्री तक मंगलवार सुबह छह बजे बंद हो गया था। ऐसे में यहां आने वाले वाहनों को लौटना पड़ा। हाईवे खोलने के लिए बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन की मशीनरी और मजदूर जुटे रहे। अभी तक तक हाईवे नहीं खुल पाया। हर्षिल में करीब आधा फीट बर्फ जम चुकी है। घाटी में बर्फ के बीच राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुक्की के छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कड़कड़ाती ठंड के बीच सुबह की प्रार्थना और पठन-पाठन किया। प्रदेश में आज बुधवार को भी कई जगह मौसम बिगड़ा रहेगा।





# उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भतरोजखान राजकीय महाविद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सीमा श्रीवास्तव व नोडल अधिकारी डॉ.केतकी तारा कुमैय्यां द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्षता जगदीश चंद्र पांडेय, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक चौनलिया द्वारा की गई।

दो सत्रों में विभाजित इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि जगदीश चंद्र पांडेय एवं चौनलिया से आए समस्त प्राध्यापकों को डॉ. रूपा द्वारा भेंट देकर सम्मानित किया गया। अपने अनुभवी व्यावहारिक ज्ञान को सांझा करते हुए उन्होंने क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने वाले उद्यमों पर जोर दिया और इस क्षेत्र में सप्लाई चेन मैनेजमेंट को दुरुस्त करनेवाले उद्यमों पर जोर दिया।

जिसके बाद भिकियासेंण ब्लॉक से रैप संस्था के हेमंत करगेती ने अपनी संस्था के कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न योजनाएं एवम विभिन्न वित्तीय सहायता के बारे में बताया। तत्पश्चात प्रतिभागियों से उनके उद्यम संबंधी विचार पर संवाद एव परिचर्चा की गई जिसमे निरंतर मुख्य अतिथि द्वारा उनका मार्गदर्शन किया। तथा बिजनेस आइडिया को कैसे सफल बनाया जा सकता है।

उसके गुड मंत्र भी दिए गए। इस दौरान में आभासी पटल गूगल मीट पर डॉ. सुमित द्वारा प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया तथा उन्हें आगामी 12 दिनों के कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी बीच कार्यक्रम के मध्य योगेश भट्ट, रूरल इनक्यूबेशन मैनेजर, अल्मोड़ा का सानिध्य प्राप्त हुआ जहा उन्होंने स्थानीय वस्तुओं से तथा स्थानीय कला को कैसे बिजनेस आइडिया में परवर्तित कर एक सफल उद्यमी बना जा सकता है। पटल पर एनजीओ की अध्यक्ष सोनिया , सत्यासात्विक जुड़ी जिन्होंने गाय के गोबर से अगरबत्ती का व्यवसाय शुरू कर न केवल रोजगार सृजन में भूमिका निभाई बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देने का कार्य किया।





इसी क्रम में निधि फाउंडेशन, अल्मोड़ा के दिनेश नैलवाल भी जुड़े जिन्होंने आगामी दिवसों में एक सुनियोजित तरीके से उद्यम की नीव कैसे रखी जाती है से लेकर कैसे सफल उद्यमी बना जा सकता है इस पर जोर दिया। पॉलीटेक्निक चौनालिया से आए विद्यार्थियों में प्रशांत कुमार ने 2डी/ 3डी एनीमेशन पर, मुकेश चंद्र आर्य ने मेडिकल कोरियर सर्विस , किरण गोस्वामी ने बांबू हैंडीक्राफ्ट , लकी असवाल ने लेमन फार्मिंग, दीपक सिंह बिष्ट ने ड्राइविंग स्कूल, मनोज कुमार ने ऑर्गेनिक खेती, कियांशी सैनी ने सौर ऊर्जा प्लांट , प्रमोद कुमार ने पॉलीनाउस ,राजकीय महाविद्यालय भत्रोजखान से दिव्या ने फैशन डेजनिंग, अंजली मेहरा ने ऐपण कला, पूजा पाली ने एलोवेरा ब्यूटी प्रोडक्ट,

**बैठक**

- महिला सशक्तिकरण को भी मिलेगा बढ़ावा
- पहाड़ी व्यंजन को बढ़ावा देने वाले उद्यमों में विशेष रुचि

दीपक चंद्र ने कनार की लकड़ी एवं पत्तों से इकोफ्रेंडली फर्नीचर एवं कप प्लेट, भावना ने पिरुल से कोयला, गीता ने आंवले का जूस एवम मुरब्बा, दीपिका ने होली के लिए ऑर्गेनिक रंग तथा स्थानीय निवासियों में चंद्रशेखर पड़ालिया ने लघु उद्योग, कमलेश पडलिया ने ऑर्गेनिक अचार व धूप, नवीन पडालिया ने दुग्ध डेयरी, दीपक पड़लिया ने पहाड़ी व्यंजन को बढ़ावा देने वाले उद्यमों में विशेष रुचि दिखाई। इस दौरान कार्यक्रम में मनोज रावत, विनय शर्मा, संदीप, धीरज, वॉलंटर्स दीपक चंद्र ,दीपिका , दिव्या ,अंजली, पूजा पंत ,अंजली पंत , पूजा पाली, दिशा, गीता ,बबिता, हर्षिता, विनीता, प्रियंका , भावना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।





## नैनीताल के स्नोव्यू-बिडला मोटर मार्ग पर अब गड्ढों का कब्जा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कहने को तो नैनीताल अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पर्यटन नगरी में गिना जाता है लेकिन भले ही नगर की शान समझी जाने वाली माल रोड तथा कुछ मुख्य मार्गों को अगर छोड़ दें तो बांकी अन्य मार्गों की हालत बेहद ही खराब हो चली है, यह बात एक दो महीने की नहीं है बल्कि वर्षभर कई मोटर मार्गों का यही हाल रहता है।

फिलहाल बात हो रही है नैनीताल के ऊंचाई पर स्थित स्नोव्यू-बिडला मोटर मार्ग की। इस मार्ग पर हर कदम पर बेशुमार गडड्े बन गए हैं। राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों का इस मार्ग से गुजरना दुश्वार हो चला है। गड्डों के कारण आए दिन छुटपुट दुर्घटनाएं इस मार्ग पर होना अब आम हो चली है। खास बात यह है कि इस मार्ग में हर वक्त वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है उसके बाद भी संबंधित विभाग इस मार्ग की सुध नहीं ले रहा है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। दूसरी ओर नगर के शेरवुड कॉलेज को जाने वाला मार्ग के पास बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 500 मीटर की रोड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है।

दूसरी ओर चिडियाघर मार्ग भी खस्ता हुई बनी है जबकि आयरपाटा मार्ग भी मरम्मत की बाट जोह रही है। मामले में लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना का कहना है कि जो मार्ग क्षतिग्रस्त हैं उनमें जल्द ही पैंच वर्क का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला चौपाल कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला चौपाल कार्यक्रम जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया गया।

स्वीप नैनीताल के सह-समन्वयक गौरी शंकर काण्डपाल तथा ललित मोहन पाण्डे के माध्यम से इस कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न विकासखंड के स्थानीय परिवेश में चौपाल के माध्यम से एकत्रित करते हुए मतदाता जागरूकता के संदेश , वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए फॉर्म 6, वोटर आईडी कार्ड से नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 तथा वोटर आईडी कार्ड में किसी भी तरह के संशोधन के लिए फार्म 8 को ऑनलाइन माध्यम से भरने की जानकारी दी गई ।

ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोनिका चौधरी एवं सुरेश भट्ट के द्वारा मदरसन कंपनी तथा पंचायत घर बच्ची धर्म में महिला चौपाल के साथ वार्ता की गई तथा महिलाओं को मोबाइल के माध्यम से वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप डाउनलोड करते हुए वोटर आईडी कार्ड बनाने की जानकारी दी गई। इस दौरान सुभाष तिवारी, गीता जोशी उपस्थित रहे।




## NEWS / फटाफट

### लिटिल फ्लावर स्कूल के बच्चों ने बनाये 200 मॉडल



**हल्द्वानी।** लिटिल फ्लावर स्कूल में बुधवार बच्चों ने वेस्ट मटेरियल के प्रयोग से सभी विषयों से संबंधित, ज्ञानवर्धक मॉडल्स, चार्ट आदि बनाये और अपनी क्रियात्मकता को दर्शाते हुए प्रदर्शनी लगायी। प्रदर्शनी में लगभग 200 मॉडल्स आदि बनाये गये थे। हर विद्यार्थी ने अतिथियों, अभिभावकों एवं अध्यापिकाओं को स्वरचित मॉडल कैसे और क्या काम करता है समझाया। प्रदर्शनी में हृदय कैसे काम करता है, लंग्स, का क्या महत्व है ,पृथ्वी चंद्रमा एवं सूर्य कैसे एक दूसरे के चक्कर लगाते हैं । इनके अतिरिक्त चंद्रयान-3, म्यूजिक सिस्टम, पाचन तंत्र, ज्वालामुखी , हाइड्रोलिक क्रैन, ए टी एम , रेन हार्वेस्टिंग, वॉटर प्योरीफायर , इलेक्ट्रिक सर्किट, नदी का सफर आदि को बहुत सुंदर एवं ज्ञानवर्धक ढंग से दर्शाया था। प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अध्यापिकाओं ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इनमें हंसिका, दीपांशु रावत, हर्षिता पलड़िया, दिव्या भल्ला, सौरव जोशी , महिमा जोशी, हार्दिक बुडलाकोटी, करन सिंह, वंशिका, भानु चौधरी, आयुष बिष्ट प्रथम रहे । अभिभावक एवं अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता की बहुत प्रशंसा की। इस दौरान इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन, पुनर्नवा महिला समिति संगठन के लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य शांति जीना ने सभी का आभार प्रकट किया।

### उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध कलाकार गीता उनियाल का निधन

**देहरादून।** पिछले कई वर्षों से कैंसर से जूझ रही सुप्रसिद्ध अभिनेत्री गीता उनियाल का निधन हो गया।उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री गीता उनियाल का निधन हो गया। यह जानकारी पर्वतीय नाट्य मंच के अध्यक्ष अभिनेता बलदेव राणा ने अपने फेसबुक से दी। उन्होंने जानकारी दी कि गीता ने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। गीता उनियाल पिछले कई वर्षों से कैंसर से जूझ रही थी। गीता उनियाल का निधन उत्तराखंड की संस्कृति के लिए बड़ी क्षति है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य पर विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सचिव बीनू गुलयानी द्वारा एसओएस जेएन कौल शिक्षण बीएड संस्थान भीमताल में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य पर विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी द्वारा बताया गया की विश्व सामाजिक न्याय दिवस हर साल 20 फरवरी को मनाया जाता है।

राष्ट्रीय स्तर पर, दुनिया दुर्भाग्यपूर्ण मुद्दों से त्रस्त है जो लाखों लोगों को एक निष्पक्ष जीवन जीने से रोकते हैं। दुनिया के कई लोग, घर, नौकरी, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। यह सुनिश्चित करना विशेषाधिकार प्राप्त लोगों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि हम एक ऐसी न्यायपूर्ण दुनिया बना सकें जहां सामाजिक न्याय एक आदर्श हो।



वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली तथा जनहित में किए जाने वाले कार्यों , सामाजिक न्याय की ओर से प्राधिकरण की भूमिका,के बारे में छात्रों को जानकारी दी तथा नशा उन्मूलन,साइबर अपराधों के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, वाणिज्य विवादों में दायरा पूर्व मध्यस्थता, स्थाई लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत,के विषय पर जागरूक किया गया।

जागरूकता शिविर का संचालन प्रो. डॉक्टर गीता बिष्ट द्वारा किया गया। जागरूकता शिविर में प्राविधिक स्वयंसेवक यशवंत कुमार ,अध्यापिका बीना, डा.हेमा इत्यादि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## व्यापारी मारुति नंदन शाह के ससुर के निधन पर दुख जताया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ नैनीताल कूटा व व्यापार मंडल के व्यापारियों ने ताल चैनल की निदेशक एवं नामित पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद ईशा साह के पिता तथा तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष व प्रसिद्ध व्यापारी मारुति नंदन शाह के ससुर सरदार रागबीर सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

और मृतक के निधन पर ईश्वर से मृतक की आत्मा का शांति के लिए प्रार्थना शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी बता दें उनका बीते रोज मंगलवार 20 फरवरी को दिल्ली में निधन हो गया। उनके निधन पर एलुमनी सेल अध्यक्ष डॉक्टर बीएस कालाकोटी, उपाध्यक्ष डॉक्टर एसएस सामंत महासचिव, प्रो ललित तिवारी सहित कूटा की तरफ महासचिव डॉ.



विजय कुमार उपाध्यक्ष प्रो नीलू लोधियाल डॉक्टर दीपक कुमार, उपसचिव डॉक्टर संतोष कुमार, डॉक्टर दीपाक्षी जोशी डॉक्टर दीपिका गोस्वामी, प्रो अनिल बिष्ट, डॉक्टर उमंग सैनी, डॉक्टर पैनी जोशी, डॉक्टर सीमा चौहान, डॉक्टर दीपिका पंत, डॉक्टर नागेंद्र शर्मा, डॉक्टर युगल जोशी व्यापारी उपाध्यक्ष नासिर खान, महामंत्री अमनदीप आनंद, उपसचिव जयंत उप्रेती, कोषाध्यक्ष हरीश लाल, दिनेश कर्नाटक पप्पू, विक्की राठौर, सुखदीप आनंद, राजेंद्र मनराल, कनक शाह, अजमल हुसैन, अतुल पांडे, भुवन लाल शाह, सहित अन्य व्यापारियों ने गहरा दुख व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी है।

# अभिमत



## नहीं सुधरेंगे!

***भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उठाया गया कदम सही है। पेटीएम बैंक लिमिटेड के पास लाखों गैर-केवाईसी अनुपालन वाले खाते हैं और हजारों मामलों में कई खाते खोलने के लिए एक ही पेन कार्ड का उपयोग किया गया। आरबीआई को चिंता है कि गैर-केवाईसी खातों का इस्तेमाल मनीलांड्रिंग के लिए किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक और ऑडिटर की प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी पकड़ में आई है। विस्तृत जांच के बाद घोटाले की रकम का खुलासा होने के साथ ही गैर-केवाईसी खातों और एक ही पेन कार्ड पर संचालित हजारों खातों की असलियत पता लगने पर बहुत से लोगों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।***

भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के शासन में हुए घोटालों को मुख्य मुद्दा बनाया था। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन को पराजित कर मतदाता ने भाजपा के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सत्ता सौंप दी। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस का ऐलान किया। भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने का संकल्प लिया। इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी और उनके किसी मंत्री ने कोई घोटाला नहीं किया है, लेकिन घोटालेबाज सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ई-कामर्स कंपनी पेटीएम अरबों रुपये के संदिग्ध लेनदेन से घिर गई है। यह आरोप विपक्ष ने नहीं लगाया है, बल्कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक पर रोक लगाने के आदेश जारी किये हैं। ई-कामर्स कंपनी पेटीएम को वर्ष 2016 में बढ़ावा मिला, जब नोटबंदी होने पर डिजिटल पेमेंट का चलन शुरू हुआ। पेटीएम ने प्रधानमंत्री मोदी का चित्र ब्रांड एम्बेस्डर के तौर पर इस्तेमाल किया। लोगों ने प्रधानमंत्री के चित्र के कारण पेटीएम पर भरोसा किया और कारोबार नई उड़ान भरने लगा। हालांकि प्रधानमंत्री के चित्र के इस्तेमाल के खिलाफ कंपनी पर जुर्माना किया गया और कंपनी ने माफी भी मांगी, इसलिए इस मामले में प्रधानमंत्री पर आंच नहीं आ सकती है। डिजिटल पेमेंट बाजार का करीब 16-17 प्रतिशत हिस्सा पेटीएम के पास है। इस पर रोक लगने से करोड़ों लोग प्रभावित होंगे। पेटीएम से पेमेंट के कारोबार का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि फेरी लगाकर सब्जी बेचने और ई-रिक्शा तथा ऑटो वालों को दस रुपये तक का भुगतान पेटीएम से किया जाता है। इसके अलावा बड़े कारोबारी और मॉल में हजारों का लेनदेन पेटीएम से होता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उठाया गया कदम सही है। पेटीएम बैंक लिमिटेड के पास लाखों गैर-केवाईसी अनुपालन वाले खाते हैं और हजारों मामलों में कई खाते खोलने के लिए एक ही पेन कार्ड का उपयोग किया गया। आरबीआई को चिंता है कि गैर-केवाईसी खातों का इस्तेमाल मनीलांड्रिंग के लिए किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक और ऑडिटर की प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी पकड़ में आई है। विस्तृत जांच के बाद घोटाले की रकम का खुलासा होने के साथ ही गैर-केवाईसी खातों और एक ही पेन कार्ड पर संचालित हजारों खातों की असलियत पता लगने पर बहुत से लोगों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। घोटालों की सूची में पेटीएम भी शामिल हो जायेगा। मनी लांड्रिंग की परत दर परत खुलने पर कालेधन का पता भी लग सकता है। आश्चर्य इस बात का है कि भारतीय रिजर्व बैंक की नींद तब टूटी जब घोटाला हो चुका। गैर-केवाईसी खातों का पता तो हर साल होने वाले ऑडिट में ही हो जाना चाहिए था। एक ही पेनकार्ड पर कई खाते पहली नजर में ही पकड़ में आ जाते हैं।

# चयनित राजस्व उपनिरीक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



जिला सूचना अधिकारी गोविन्द सिंह बिष्ट ने प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित नव चयनित राजस्व उपनिरीक्षकों (पटवारी/लेखपाल) को प्रशिक्षण कार्यशाला में पहुंचकर सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के कार्यों एवं विभाग की पृष्ठभूमि और आधुनिक जनसंचार के जरिए अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग सरकार एवं जनता के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु सेतु की भूमिका निभाता है। सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं तथा निर्णयो के माध्यम से जो जनहितकारी कार्य सम्पन्न किये जाते है उनकी जानकारी विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग का है।

विभाग द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभिन्न समाचार पत्र, पत्रिकाओं, समाचार एजेन्सियों, आकाशवाणी, दूरदर्शन के साथ ही विभिन्न टेलीविजन चैनलों,सोशल मीडियों को उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि फिल्म, प्रदर्शनी, गीत एवं नाट्य तथा विभिन्न प्रचारपरक प्रकाशनों के माध्यम से सरकार की नीतियों, संकल्पों, उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है। उन्होंने नव नियुक्त सभी राजस्व उप निरीक्षकों का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में बताए जा रहे सभी नियमों, कानूनों तथा जानकारियों को पूर्णत: आत्मसात करें। ताकि फील्ड स्तर पर कार्य करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। अधिकांश योजनाओं के क्रियान्वयन में आपके कलम का महत्व बहुत ज्यादा होगा। इसलिए संतुलन और सकारात्मक सोच के साथ ही अपने कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सिखाई जा रही व्यवहारिक बातों को प्रमुखता से आत्मसात करें। जिला सूचना अधिकारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए मार्गदर्शन किया। उन्होने ने कहा कि कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता है, जो जिम्मेदारी मिली हैं।

जनता के उत्थान में राजस्व विभाग का विशेष कर पटवारियों का हर क्षेत्र में भागीदारी होती है इस लिये आप जो भी काम करें, नियम, कानून के दायरे में काम करेंगे तो आगे दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क होगा, नियमावली, विधि के अनुसार ही काम करें।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 21 साल कारावास की सजा

**अल्मोड़ा।** विशेष सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा श्रीकांत पांडे की अदालत ने पॉक्सो के आरोपी नरेश कुमार निवासी सल्ट अल्मोड़ा को दोष सिद्ध किया है। अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट में 21 साल कारावास और 506 आईपीसी में तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा, विशेष लोक अभियोजक घनश्याम जोशी, सहायक शासकीय अधिवक्ता शेखर चंद्र नैलवाल ने बताया कि पीड़िता के पिता ने पुलिस को एक तहरीर दी। उसने कहा कि अभियुक्त ने 22 नवंबर 2021 को पेप्सी में नशीला पदार्थ मिलाकर उसकी नाबालिग पुत्री को पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। सुनवाई विशेष सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा की अदालत में हुई। न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए उसे पॉक्सो एक्ट में 21 साल के कठोर कारावास और 506 आईपीसी में 3 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया ।

# किराए के घर में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़, महिला सरगना समेत चार गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



किराए के घर में चल रहे सैक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए महिला सरगना समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में ज्यादातर बंगाल के रहने वाले हैं। पुलिस ने पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक युवती को भी उनके चुंगल से मुक्त कराया है। बताया जा रहा कि तान्या शेख इससे पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुकी है।

नवाबी रोड स्थित कलावती कालोनी के लोगों द्वारा क्षेत्र से देह व्यापार की शिकायत की थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जब जांच शुरू की तो जांच सही पाई गई और पुलिस ने मंगलवार देर शाम कोतवाल उमेश कुमार मलिक व एसआई ज्योति कोरंगा के साथ कलावती कालोनी के सामने गांधी आश्रम वाली गली के एक घर में छापा मारा तो यहां दो युवक और दो युवतियां आपत्तिजनक अवस्था में मिले। मौके से पुलिस ने 24 परगना बसंती सोना कांची पश्चिम बंगाल निवासी तान्या शेख को गिरफ्तार किया है। तान्या सैक्स रैकेट की संचालिक है। तान्या के अलावा काठगोदाम नईबस्ती निवासी फैजल खान पुत्र तस्लीम अहमद और सकलैन शेख पुत्र नवीरेल शेख व शरीफा बेगम पत्नी अली हैदर निवासी तेजपुर पोस्ट कोटा मुनि जिला इसाबेल थाना करीमगंज आसाम हाल कलावती कॉलोनी कोतवाली को भी गिरफ्तार किया है। तान्या शेख युवती को नौकरी का झांसा दिलाने के नाम पर हल्द्वानी लाई और यहां देह व्यापार के धंधे में झोंक दिया। तान्या शेख ने यहां 15 दिन पहले कमरा किराए पर लिया था। मौके से शक्तिवर्धक दवाएं, 12 हजार रुपये व अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं।

वहीं पुलिस ने मकान मालिक प्रवीण कुमार को किरायेदार का सत्यापन न करने पर पांच हजार का नगद चालान काटा है। पुलिस टीम में कोतवाल उमेश कुमार मलिक, एसआई ज्योति कोरंगा, महिला हेड कांस्टेबल गीता कोठारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, कांस्टेबल घनश्याम रौतेला, कांस्टेबल बंशीधर जोशी, कांस्टेबल प्रदीप मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## 60 करोड़ के पार पहुंची तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया



*शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया% ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है और दर्शकों का खूब मनोरंजन भी कर रही है। इस फिल्म के साथ रजनीकांत की लाल सलाम ने भी थिएटर्स में एंट्री की थी। वहीं, जनवरी के महीने में रिलीज हुई फाइटर अब भी थिएटर में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में शाहिद कपूर और कृति सेनन की जोड़ी को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म में कृति सेनन ने रोबोट का किरदार निभाया है। 50 करोड़ की लागत से बनी यह फिल्म पहले हफ्ते ठीक ठाक बिजनेस करने में सफल रही है। हालांकि, बाद में फिल्म की कमाई में गिरावट भी दर्ज की गई है। फिल्म ने 12वें दिन 2.10 करोड़ रुपये की कमाई की है, फिल्म का कुल कलेक्शन 62.55 करोड़ रुपये हो गया है अब देखना है कि क्या फिल्म अपनी रफ्तार पकड़ने में कामयाब होती है या नहीं। वहीं, अब आगामी हफ्तों में कई बड़ी फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाली है। ऐसे में फिल्म की कमाई पर असर पड़ सकता है।*

## फैंस को दिया नया तोहफा

*फाइटर के साथ ऋतिक रोशन ने अपने फैंस को एक नया तोहफा दिया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म की रिलीज दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म ने 27वें दिन 70 लाख रुपये की कमाई की है। फिल्म ने अब तक 207.70 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। लाल सलाम ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाई थी, लेकिन अब फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों में भीड़ नहीं उमड़ पा रही है।*

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका सूडा अनुभाग व थाना तल्लीताल पुलिस के द्वारा मंगलवार को नगर में कबाड़ की फेरी करने वालों को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत सूडा अनुभाग के चंदन सिंह भंडारी तथा जितेंद्र सिंह राणा और तल्लीताल थाने के चीता मोबाइल शिवराज सिंह राणा द्वारा तल्लीताल स्थित बूचड़खाना क्षेत्र में जाकर लोगों को चिन्हित किया गया और योजना के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान सूडा अनुभाग के चंदन सिंह भंडारी के द्वारा बताया गया।

इस योजना में जुड़ने पर गरीब परिवार को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल पाएगा साथ ही शिक्षा, मेडिकल तथा रोजगार के लिए सस्ता बैंक लोन जैसी सुविधाओं का लाभ आसानी से गरीब परिवारों को मिल पाएगा।



## News कॉर्नर

### शोध छात्रा युक्ति पाण्डे ने प्रदेश का नाम रोशन किया



हल्द्वानी। सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय अल्मोड़ा की शोध छात्रा युक्ति पाण्डे ने उत्तराखंड सेट एवं सीएसआईआर-नेट जेआरएफ की परीक्षा में जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। युक्ति ने नेट जेआरएफ परीक्षा में देशभर में 168वीं रैंक प्राप्त की है। युक्ति वर्तमान में सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय से भौतिक विज्ञान में डॉ. नंदन सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रही हैं। युक्ति ने अपनी इस सफलता का श्रेय पिता चंद्र शेखर पाण्डे, माता मंजू पाण्डे, गुरुजनों और बड़े भाई को दिया है। युक्ति की इस सफलता पर शहर के बुद्धिजीवी व प्रबुद्ध लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जिला अस्पताल को मिला आयुष्मान उत्कृष्टता सम्मान

अल्मोड़ा। आयुष्मान योजना के तहत जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए अस्पताल को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ओर से आयुष्मान उत्कृष्टता सम्मान से नवाजा गया है। योजना के तहत जिला अस्पताल में छह हजार से अधिक मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। योजना के तहत अस्पताल को चार करोड़ रुपये से अधिक की आय प्राप्त हुई। अस्पताल को इस सम्मान के लिए प्रदेश भर के अस्पतालों की टॉप-3 सूची में शामिल किया गया। अस्पताल को यह सम्मान मिलने से यहां तैनात बेनिफिसियरी फैसिलिटेशन एजेंसी और आयुष्मान कर्मियों के साथ पूरे स्वास्थ्य विभाग में खुशी की लहर है। पीएमएस डॉ. एचसी गड़कोटी ने जिला अस्पताल को यह सम्मान मिलने पर खुशी जताई।

# खटोला के ग्राम प्रधान समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**तैयारी**

● विधायक अरोरा की मौजूदगी में सभी ने ली बीजेपी की सदस्यता

रुद्रपुर

अफजल फौजी, नैनीताल



लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही भाजपा में कांग्रेस समेत अन्य दलों के लोग शामिल हो रहे हैं। इसी के तहत रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र ग्राम खटोला गांव में विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में बड़ी संख्या में मुकेश राणा सहित उनके समर्थक कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान विधायक ने भाजपा का पटका पहनकर उनका भाजपा में स्वागत करते हुए निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व व प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के राज्य हित में लिये गये कल्याणकारी निर्णयों से प्रभावित होकर भाजपा परिवार का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। ग्राम प्रधान मुकेश राणा ने भी समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा है।आने वाले लोकसभा चुनाव में खटोला गांव से भाजपा की जीत को एकतरफा सुनिश्चित करने के लिए भाजपा के हित मे कार्य करेंगे। देश में नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है इस दौरान लोकसभा सयोंजक विवेक सक्सेना,शालनी बोरा खड़क सिंह कार्की, हरीश भट्ट, राजीव शुक्ला, नंदु मलिक, कार्तिक हलदार आदि मौजूद रहे।

सदस्यता ग्रहण करने वालो में- तपस वैध,अखिल मण्डल, दिवास ढाली, मोहन विश्वास, रमेश्वर वैध, नन्दू पारीक, विशाल सरकार, बाबू सरदार, शिवपद मण्डल, सूरज रॉय, मोहन सिंह, देवास साना, निमाई शिकारी, विनय वैध, सदाकद रॉय, प्रदीप विश्वास, सूरज विश्वास, तापस वैध, सुरेश मंडल, विशाल हलदार, विमल मिस्त्री, सपन, राकेश घोष,उत्तम आदि लोग शामिल हैं।

# बिल और नोटिस से परेशान लोग जल संस्थान जा धमके, ईई से मिले

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



नगर निगम के वार्ड-58 तल्ली हल्द्वानी के लोग मंगलवार को जल संस्थान जा धमके और अधिशासी अभियंता से मिले। इस दौरान निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने कहा कि जिन लोगों ने मार्च तक के बिल पूर्ण रूप से जमा किये हैं, उन्हें बकाया का नोटिस आंखें बंद कर भेज रहे हैं।

साथ ही जिन्होंने जमा करना है उन्हें जल निगम भी अपने बिल भेज रहा है। नोटिस को देख जनता परेशान हो रही है । लोगों का कहना था कि विभाग जल्द इसका निपटारा करे। जिनके बिल जमा हैं उन्हें नोटिस न भेजे जल निगम को योजना ट्रांसफर कर दी है तो सभी कार्य एक ही विभाग करे। इस पर अधिशाषी अभियंता रवि लोशाली ने कार्यवाही का भरोसा दिलाया कि सभी बिलों को सही कर छूट के साथ जमा करवाया जाएगा। कहा कि जिनके बिल जमा हैं, उन्हें नोटिस नहीं भेजे जाएंगे।

ईई ने सहायक अभियंता को भी तुरंत बुलवाकर कार्यवाही करने को कहा। ईई से मिलने वालों में बिजरानी साहू, महेश परगाई, दिनेश कुमार मिश्रा, राजोला प्रसाद, उर्मिला, रवि केसरवानी, ममता देवी, प्रियंका, अरविंद साहू आदि शामिल थे।

# नगर निगम ने थमाया लोगों को नोटिस, अतिक्रमण हटाने को 15 दिन का दिया समय

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

नगर निगम ने काशीपुर बाईपास,डॉक्टर लाइन, सिविल लाइन में अतिक्रमणकारियों को हटाने का नोटिस थमाया है। निगम नेअभिलेख दिखाने और अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। बता दें कि 2018 में निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर मुख्य बाजार में अतिक्रमण के दायरे में आए सैकड़ों निर्माण तोड़े थे। निर्माण तोड़ने के बाद निगम की ने फुटपाथ बनाकर टाइल्स बिछाई थी,लेकिन कई जगह अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर याचिकाकर्ता की ओर से दोबारा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसके बाद नगर निगम की ओर से फिर से अतिक्रमण पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी है और

### योजना को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया

बता दें कि पूर्व में अतिक्रमण न हटाया जाए, इसके लिए बाईपास चौड़ीकरण की योजना को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। इस समय काशीपुर बाईपास रोड का यातायात व्यवस्था जर्जर हो रही है।

**नोटिस**

● काशीपुर बाइपास समेत कई जगहों से अतिक्रमण हटना रह गया था

193 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। इधर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने बताया कि सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित किया गया। लोगों ने नहीं हटाया तो निगम की ओर से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# पुलिस ने अवैध शराब तस्करी में एक को दबोचा, शराब का जखीरा बरामद



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ट्रांजिट कैंप पुलिस अवैध शराब की तस्करी करने वाले तस्करों पर शिकंजा कस रही है। इसी बीच पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शराब बरामद की। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी द्वारा जनपद में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक शराब तस्कर को अवैध शराब की तस्करी के दौरान गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि कप्तान के आदेश पर क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। चैकिंग के दौरान पुलिस हरीश थापा निवासी जी- ब्लॉक ट्रांजिट कैंप को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। उसके खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया हैं। उन्होंने बताया कि उसे कोर्ट में पेश करने की कार्यवाही की जा रही है। टीम में एएसआई जितेन्द्र कुमार, राकेश खेतवाल, दिनेश चन्द्र आदि शामिल थे।

### लोनिवि कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर। तीन सूत्री मांगों के लिए लोनिवि के वर्कचार्ज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने लंबित समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

लोनिवि नियमित/वर्कचार्ज संघ के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह टाकुली के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कपकोट लोनिवि कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारी विभाग से उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए पूर्व की भांति वर्कचार्ज कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ देने, वर्कचार्ज से नियमित हुए कर्मचारियों से की जा रही कटौती को बंद करने की मांग कर रहे हैं।

# केंद्रीय मंत्री भट्ट ने जताया पीएम और रेल मंत्री का आभार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट के विशेष प्रयासों से लालकुआं - अमृतसर ट्रेन संचालन को मंजूरी मिल गई।

केंद्रीय मंत्री भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जताया आभार। भट्ट ने बताया कि काठगोदाम और अमृतसर के बीच ट्रेन संचालन को लेकर उनके द्वारा 28 नवंबर 2019 को शून्य काल के दौरान संसद के प्रश्न काल के सत्र में इस रेल संचालन का मामला उठाया था। इसके पश्चात लगातार वह कई बार रेल मंत्री से मिले और कई बार पत्र भी लिखे। 2 दिन पूर्व भी भाजपा की राष्ट्रीय कार्य समिति में भट्ट ने रेल मंत्री से मुलाकात कर इस रेल संचालन के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि आज कुमाऊं के लोगों के लिए यह खुशखबरी आई है कि लालकुआं अमृतसर के बीच ट्रेन संचालन को मंजूरी मिल गई है। जल्द ही लालकुआं से अमृतसर के लिए नई ट्रेन चलेगी। केंद्रीय मंत्री भट्ट ने उनके विशेष आग्रह पर ट्रेन संचालन शुरू करने पर प्रधानमंत्रियों, रेल मंत्री व सीएम का आभार जाताया है।

उत्तराखण्ड राज्य धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण राज्य हैं। राज्य के जनपद ऊधमसिंहनगर के सितारगंज में विश्व विख्यात नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब स्थित है। वहां पर पूरे वर्षभर देश-विदेश के सैलानियों का लगातार आना-जाना लगा रहता है।

# धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती कुर्मी महासभा ने धूमधाम से मनाई । इस दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुशील गावा ने किया। बीते दिनों अयोध्या तक पैदल यात्र करने वाले राम भक्त सुशील गावा का कुर्मी महासभा के अध्यक्ष सौरभ गंगवार एवं अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुर्मी महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष सौरभ ने कहा कि छत्रपति शिवाजी की वीरगाथाएं इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। छत्रपति शिवाजी महाराज कुर्मी समाज के थे, इसी लिए कुर्मी समाज उनकी जयंती धूमधाम से मनाता है और उन्हें अपना आदर्श मानता है।कुर्मी समाज की एकजुटता पर भी जोर दिया। कुर्मी महासभा के अध्यक्ष सौरभ ने पूर्व मेयर पर निशाना साधते हुए कहा कि मेयर ने 5 साल अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने में ही बर्बाद कर दिये चंद लोगों की कठपुतली बनकर उन्होंने सिर्फ स्वार्थों के लिए काम किया। ओबीसी समाज के साथ भी सौतेला व्यवहार किया शहर में ओबीसी समाज का जो सर्वे हुआ है उसमें ओबीसी समाज की संख्या सिर्फ 10 प्रतिशत दिखाई गयी है जो गलत है। कुर्मी समाज कभी माफ नहीं करेगा। गाबा ने कुर्मी महासभा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज महान योद्धा थे, छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे। शिवाजी महाराज का बचपन से ही स्वतंत्र राष्ट्र बनाने का सपना था उन्होंने हिंदुत्व को बहुत बढ़ावा दिया और उन्होंने विभिन्न वर्गों को एकजुट करके, वे न्याय को समाज में प्राथमिकता दी। इस दौरान रामधारी गंगवार, केपी गंगवार, किशन गंगवार, आकाश गंगवार, कमलेश गंगवार, शेर सिंह राठौड़, नरेंद्र राठौड़, चोखे लाल गंगवार, राकेश गंगवार आदि मौजूद थे।।